संख्या- 45 / 2018/645/चार-2018-92(वि0)/2018

प्रेषक,

लुटावन राम
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय,उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 21 मार्च, 2018

विषय:- जनपद बस्ती के ग्राम- भितेहरा, तहसील रूदौली में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की आदमकद 07 फिट ऊंची (धातु) की मूर्ति की गुणवत्ता के जांच के संबंध में वित्तीय स्वीकृति ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3656/ सं0नि0-25(75)/2016,दिनांक 08 मार्च,2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है किजनपद बस्ती के ग्राम- भितेहरा, तहसील रूदौली में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की आदमकद 07 फिट ऊंची (धातु) की मूर्ति की गुणवत्ता के जांचकिये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्राविधानित धनराशि रू0 10.00 लाख में से शासनादेश संख्या 91/2017/1524/चार-2017-92(वि0)/2015 दिनांक 25.08.2017 के माध्यम से रू0 3,52,750.00 निर्गत की जा चुकी है। अवशेष धनराशि रू0 6,87,250.00 में से धनराशि रू0 79,000.00 की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय द्वारा सहर्ष प्रदान की जाती है।

3- उक्त धनराशि जनपद बस्ती के ग्राम- भितेहरा, तहसील रूदौली में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की आदमकद 07 फिट ऊंची (धातु) की मूर्ति की गुणवत्ता के जांच किये जाने हेतु रू0 79,000.00 (रूपये उन्यासी हजार मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92- के अधीन लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा खेलकूद कला एवं संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय -04-कला तथा संस्कृति -106 – संग्रहालय – 09 -महापुरूषों की मूर्तियों का निर्माण – 24 - वृहद निर्माण कार्य मद में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

भवदीय,
(लुटावन राम)
उप सचिव

संख्या- /2018 /645/चार-2018-92(वि0)/2018तद् दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(लुटावन राम)
उप सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/